अभिभावक भी देख सकेंगे कक्षाओं में छात्रों की दैनिक उपस्थिति

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सम-सेमेस्टर की नियमित कक्षाओं का संचालन शुरू हो चुका है। विवि ने युनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से केन्द्रीकृत आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत विवि कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति व शिक्षण कार्य पर नजर रख सकेगा। विवि के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बताया कि सम्बद्ध कालेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का सभी विषयों के लिए रजिस्ट्रेशन, सत्यापन एवं विषयवार आनलाइन टाइम टेबल के संचालन का प्रावधान किया गया है। नई व्यवस्था में शिक्षकों द्वारा हर दिन पढ़ाये जाने वाले विषयों के टापिक्स भी दैनिक उपस्थिति के साथ आनलाइन पोर्टल पर अंकित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति न होने पर परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कुलपति ने कहा कि नई व्यवस्था के अन्तर्गत डेसबोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों की विषयवार दैनिक उपस्थिति की समीक्षा की जाती है ताकि संस्थानों में शैक्षणिक माहौल बेहतर बनाया जा सके। प्रो.सिंह ने कहा कालेजों के निदेशक, प्राचार्य, शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावक भी छात्र-छात्राओं की दैनिक उपस्थिति का अवलोकन कर सकते है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से सस्थानों में शैक्षणिक वातावरण तैयार हुआ है,जिससे छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कराने में तकनीकी विवि देश में अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा।